प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का किया गया सम्मानित

पंतनगर। 05 सितम्बर, 2024। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में पी.जी. सोसाइटी द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय सेवा से इस वर्ष सेवानिवृत्त होने वाले 11 शिक्षकों को शाल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलसचिव डा. दीपा विनय एवं विशिष्ट अतिथि पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा. बी.एस. बिष्ट तथा एमेरिटस साइंटिस्ट एवं पूर्व अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. रीता सिंह रघुवंशी, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर महाविद्यालय डा. के.पी. रावेरकर एवं पी.जी. सोसाइटी की स्टाफ काउंसलर डा. बिनय कुमार पाण्डेय मंचासीन थे।

इस अवसर पर कुलसचिव ने सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के विश्वविद्यालय के उत्थान में उनके योगदान की सराहना की। विशिष्ट अतिथि डा. बी.एस. बिष्ट द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी का कृषि में योगदान पर प्रकाश डाला एवं डा. रीता सिंह रघुवंशी द्वारा गुरू एवं शिष्य परम्परा पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्व का वर्णन किया गया तथा नयी शिक्षा नीति–2020 की जानकारी दी। डा. के.पी. रावेरकर द्वारा इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों का अभिनन्दन करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षकों डा. हरि नाथ सिंह, डा. एस.पी. सिंह, डा. अजीत कुमार कर्नाटक, डा. वीरेन्द्र कुमार, डा. सी.वी. सिंह, डा. पी.एस. महर, डा. राकेश सक्सेना, डा. महेन्द्र पाल सिंह, डा. रविन्द्र कुमार, डा. राज कुमार सिंह एवं डा. अनिल कुमार गौड़ को शाल ओढाकर एवं स्मृति चिन्ह अतिथियों द्वारा भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, विभागाध्यक्ष सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर महाविद्यालय डा. के.पी. रावेरकर एवं कार्यक्रम का संचालन स्टाफ काउंसलर, पी.जी. सोसाइटी डा. बिनय कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में सह–स्टाफ काउंसलर, पी.जी. सोसाइटी डा. अमित प्रसाद ने सहयोग किया तथा डा. अनीता रानी, प्राध्यापक टेक्सटाइल्स एवं एपेरल डिजाइनिंग द्वारा अमूल्य सहयोग दिया गया।

इसी क्रम में कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. आर.एस. जादौन के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उन्होंने स्टाफ काउंसलर डा. स्नेहा दोहरे एवं समस्त संकाय सदस्य के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों को बधाई दी एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वरचित कविता एवं गीत प्रस्तुत किया गया।

शिक्षक दिवस के अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करती कुलसचिव डा. दीपा विनय।